**सादर प्रकाशनार्थ.......**

## जेब खाली और मैं सारे विश्व की मालिक: राजयोगिनी दादी जानकी जी

**- दिगम्बर पब्लिक स्कूल में पब्लिक कार्यक्रम आयोजित, स्कूल परिसर में पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**- सात हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग**

**- इंदौर सहित आसपास के दस से अधिक जिलों से पहुँचे बीके भाई- बहिन**

**- माउंट आबू से पधारे 108 भाई- बहनों का किया सम्मान**

**- इंदौर मोरे धात नेमावर रोड पर पांच एकड़ में बनेगा विशाल भवन**

**23 दिसंबर, इंदौर।**

खंडवा रोड स्थित दिगम्बर पब्लिक स्कूल में विशाल आध्यात्मिक महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमें इंदौर सहित आसपास के दस जिलों से सात हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने कहा कि आज इतनी हजारों की संख्या में मेरे मीठे- मीठे भाई बहनों को देखकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने सबसे पहले सभी को तीन बार ॐ शांति का नारा लगवाया।

दादी ने कहा कि मेरे पास में कोई पर्स नहीं है, खींचा खाली और मैं पूरे विश्व की मालिक हूं। मेरे जेब में कभी भी एक रुपये नहीं रहता और पूरे विश्व का चक्कर लगाती हूं। मैंने कभी अपने पास पर्स नहीं रखा, जहाँ गयी शिव बाबा ने खुशी, विश्वास और दुआओं से दामन भर दिया। लोगों के अपनेपन, प्यार से आज 103 साल में भी स्वस्थ हूं। दुआयें हमारे जीवन का श्रगार हैं। मैंने अपने पूरे जीवनभर तीन बातों- सच्चाई, सफाई और सादगी का पालन किया। यही तीन बातें मेरे जीवन का आधार, मेरी पूंजी और मेरी शक्ति है।

### पल- पल महसूस होता है बाबा का साथ....

दादी ने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि पल- पल परमात्मा के साथ, मदद का अनुभव होता है। क्योंकि मन- वचन- संकल्प और कर्म में एक परमात्मा के सिवाए और कुछ याद ही नहीं रहता है। आप सभी खुश रहें, मस्त रहें और सदा परमात्मा के साथ जीवन में आगे बढ़ते रहे। ईश्वर की मदद, साथ और उसे अपना बना लेना ही जीवन सफल करना है। जितना हो उतना साइलेंस का अभ्यास बढ़ायो, क्योंकि साइलेंस की पावर सबसे बड़ी पॉवर है।

### राजयोगी मतलब मीठा, निर्मोही....

दादी ने राजयोगी की परिभाषा बताते हुए कहा कि राजयोगी अर्थात जिसके बोल सदा मीठे हो, जिसे परमात्मा से प्यार हो और जीवन में दिव्य गुण हों। भगवान को साथी बना लो तो सब समस्याएं खत्म हो जाएंगी। कुछ भी हो जाए इंसान कोअपनी सच्चाई नहीं छोड़ना चाहिए।

**46 हजार ब्रह्माकुमारी बहनों की नायिका है दादी....**

इंदौर जोन कि जोनल निदेशका बीके आरती दीदी ने कहा कि दादी को आज इंदौर में देखकर खुसी का ठिकाना नहीं है। शिव बाबा की शक्ति, राजयोग मेडिटेशन का ही कमाल है कि दादी ने अपनेआप को इतना शसक्त बना लिया है कि उम्र को मात दे रहीं हैं। ये योग की ही पावर है कि दादी आज 103 साल की उम्र में भी विश्वभर का भृमण कर रहीं हैं। दादी विश्वभर की 46 हजार से अधिक बहनों की नायिका है। 12 लाख भाई- बहनों की प्रेरणा स्रोत हैं। दादी की उपस्थिति मात्र से ही सभी में उत्साह भर जाता है। दादी इस विश्व विद्यालय की शान और जान है।

-----------------------------

**दादी जानकी ने मंत्रोच्चार के बीच रखी शिव शक्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर की आधारशिला**

**- इंदौर मोरे धात नेमावर रोड पर पांच एकड़ में बनेगा विशाल भवन**

**- पर्सनालिटी डवलवमेंट के कोर्स**

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी ने सोमवार को इंदौर मोरे धात नेमावर रोड में बनने वाले शिव शक्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर की नींव रखी। दादी ने सबसे पहले शिव ध्वजारोहण किया, इसके बाद शिलालेख पट्टिका का उदघाटन करके रिट्रीट सेंटर के बनने का मार्ग प्रस्थत किया। इसके बाद दादी ने अपने हाथ से गंगाजल चढ़ाकर और नारियल फोड़कर भूमिपूजन कार्य पूण किया। साथ ही मंत्रोच्चार के बीच ईंट को गंगाजल से पवित्र कर जमीन में अर्पित की। साथ ही गुब्बारा उड़ाकर प्रेम, एकता और शांति का संदेश दिया।
कार्यक्रम में संबोधित करते हुए दादी ने सबसे पहले सभी को तीन बार ॐ शांति का जयघोष कराया। उन्होंने कहा कि यहाँ से हजारों लोगों को जीने की नई राह मिलेगी।
बता दें कि पांच एकड़ में बनने वाले इस रिट्रीट सेंटर के राजयोग मेडिटेशन, पर्सनलिटी डावलवमेंट, तनाव मुक्त जीवन, खुशी का मंत्र, जीवन को सुखमय कैसे बनाएं, सभा, संगोष्ठी, सेमिनार, समेलन आदि का आयोजन किया जाएगा। ये सेंटर ढाई साल में बनकर समाज के लिए समर्पित कर दिया जाएगा।
इंदौर जोन की जोनल निदेशका बीके आरती दीदी ने कहा कि यहाँ से इंदौर वासियों की जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण निःषुल्क दिया जाएगा। सभी भाई बहनों के सहयोग से जल्द बनकर समाज के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। इस मौके पर माउंट आबू से पधारे भाई बहिन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।
हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के पूर्व न्यायाधीश बीडी राठी ने कहा ये पावन पवित्र गांगाये समाज में ज्ञान सरिता बनकर जो अमृत ज्ञान लोगों तक पहुँचा रही हैं आज इसकी समाज को बहुत जरूरत है।
दिगम्बर पब्लिक स्कूल के सुधाकर मेढके और सिंधू ताई मेढके ने कहा कि दादी जी के चरण पढ़ने से ये स्कूल परिसर धन्य हो गया। ब्रह्माकुमारीज बहने सच में समाज में बदलाव लाने का जो कार्य कर रहीं हैं आज ऐसे प्रयासों की बहुत जरूरत है।

माउन्ट आबू से पधारे सीए व ब्रह्माकुमारीज के एकाउंट विभाग के हैड बीके ललित ने सभी को आगे बढ़ने के सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि दुनिया बदलने के लिए खुद को बदलना जरूरी है।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज के शांतिवन के प्रवंधक बीके भूपाल भाई, आवास निवास के प्रभारी बीके देव भाई, मोटिवेशनल स्पीकर बीके नारायण भाई सहित सात हजार से अधिक लोग उपस्थित रहे।

**रिट्रीट सेंटर में ये रहेगा खास.... सभी सेवाएं रहेंगी निःशुल्क**

05 एकड़ में बनेगा शिव शक्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर

- 5000 हजार लोगों की क्षमता विशाल हॉल
- 700 से अधिक लोगों के रहने की व्यवस्था
- 2000 की छमता के तीन से अधिक सेमिनार हॉल
- 05 से अधिक योग अनुभूति कक्ष
- 3डी शो के माध्यम से आत्मा परमात्मा का सत्य ज्ञान बताया जाएगा
- म्यूज़िक लेजर फाउंटेन के माध्यम से खेल खेल में राजयोग का ज्ञान दिया जाएगा।
- गोशाला का भी बनाई जाएगी।
- पूरा रिट्रीट सेंटर इको फ्रेंडली बनाया जाएगा।
- पूरे रिट्रीट सेंटर में सौर पैनल के माध्यम से बिजली सप्लाई की जाएगी।
- साथ ही गार्डन, पार्क बनाये जाएंगे।
- कई प्रदेशों से लाये गए ओषधियों के पेड़े लगाए जाएंगे।
- आध्यात्मिक चित्र प्रदेशनी

------------------

**ये कोर्स होंगे....**

- राजयोग मेडिटेशन कोर्स
- तनाव मुक्त जीवनशैली
- सेल्फ मैनेजमेंट
- टाइम मैनेजमेंट
- लीडरशिप मैनेजमेंट
- वैल्यूज एजुकेशन कोर्स
- यौगिक- जैविक खेती का प्रशिक्षण
- मेडिकल कैम्प

------------------------

**Regards,**
**PUSHPENDRA SAHU**
brahmakumaris, indore

Cell: 9179018078
Email: pushpendra.imsj@gmail.com